स्पीड पोस्ट/फैक्स / मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा

संख्या-224/2015/2443/नौ-8-2015

प्रेषक,

उमा शंकर सिंह,
विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सीतापुर।

नगर विकास अनुभाग-8 लखनऊ: दिनांक: 23 सितम्बर, 2015

विषय: मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा जनपद सीतापुर में की गयी **"घोषणा संख्या-AY/26/2015 (क्र0सं0 जीएच 110001155) नैमिषारण्य /मिश्रिख तीर्थ की 84 कोसी परिक्रमा मार्ग का डामरीकरण, मार्ग पर पड़ने वाले 11 पडावों पर रैन बसेरा, सुलभ शौचालय, 24 घण्टे निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा"** का अनुपालन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- इक्कीस-सी.एफ./125/(2014-15) स्था.नि.लि. दिनांक 27 अगस्त, 2015 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं से सम्बन्धित प्रकरणों की समीक्षा दिनांक 31.08.2015 को विशेष कार्याधिकारी, मा0 मुख्यमंत्री जी के द्वारा किये जाने के उपरान्त दिये गये निर्देशों के क्रम में शासनादेश संख्या-2256/नौ-8-2015 दिनांक 31.08.2015 द्वारा वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए एक सप्ताह के अन्दर कार्य योजना/डी0पी0आर0 उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये थे, किन्तु अभी तक डी0पी0आर0/कार्य योजना प्राप्त नहीं हुई है।

3- अत: कृपया मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा की गयी प्रश्नगत घोषणा की पूर्ति हेतु रू0 10.00 करोड़ का प्रस्ताव/कार्य योजना नगर पालिका परिषद मिश्रिख-नैमिषारण्य , जनपद सीतापुर से निम्न औपचारिकताओं की पूर्ति कर, वांछित सूचनाओं सहित डी0पी0आर0/कार्ययोजना के साथ नगर पालिका परिषद मिश्रिख-नैमिषारण्य , जनपद सीतापुर के सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को दिनांक 30.09.2015 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक शासन में उपस्थित होने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें:-

(1) मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा की गयी घोषणा से सम्बन्धित कार्यो के

http://shasanadesh.up.nic.in

शिलान्यास किये जाने की तिथि एवं कार्य प्रारम्भ होने की तिथि।

(2) कार्य के समाप्त होने की सम्भावित तिथि ।

(3) प्रस्तावित कार्यो से सम्बन्धित डी0पी0आर0/कार्य योजना सक्षम स्तर /अधिशाषी अभियन्ता से प्रति हस्ताक्षरित कराकर मूलरूप में उपलब्ध करायी जाय, जिसकी एक प्रति निकाय में सुरक्षित रखी जाय।

(4) प्रस्तावित कार्यो से सम्बन्धित स्थलीय फोटो ग्राम उपलब्ध कराया जाय, जहॉ पर निर्माण कार्य व अन्य कार्य कराये जाने है तथा निर्माण कार्यो से सम्बन्धित ले आउट प्लान भी संलग्न किया जाय।

(5) इस आशय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाय कि प्रस्तावित कार्य नागर निकाय की सीमा के अन्तर्गत है तथा प्रस्तावित कार्य वर्तमान में किसी अन्य योजना अथवा कार्यक्रम में न तो सम्मिलित किये गये है और न ही प्रस्तावित किये गये है।

(6) कार्य योजना/डी0पी0आर0 तैयार करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाय कि कार्य स्थल पर कोई विवाद न हो अन्यथा उक्त कार्य के सापेक्ष स्वीकृत धनराशि का कहीं अन्यत्र व्यय नहीं किया जा सकेगा एवं उक्त धनराशि राजकोष में वापस में करनी होगी।

4- प्रकरण मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा से आच्छादित है। अतएव इसमें विशेष समयबद्धता एवं प्राथमिकता के आधार पर कार्ययोजना/डी0पी0आर0 सक्षम स्तर/अधिशाषी अभियन्ता से प्रति हस्ताक्षरित कराकर पूर्ण औपचारिकताओं के साथ दिनांक 30.09.2015 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक शासन में उपस्थित होने हेतु नगर पालिका परिषद मिश्रिख-नैमिषारण्य, जनपद सीतापुर को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(उमा शंकर सिंह)
विशेष कार्याधिकारी।

संख्या-224/2015/2443(1)/नौ-8-2015 तददिनांक

प्रतिलिपि अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद मिश्रिख-नैमिषारण्य, जनपद सीतापुर को सूचनार्थ एवं समयबद्ध कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

srgo

http://shasanadesh.up.nic.in

(उमा शंकर सिंह)
विशेष कार्याधिकारी।

http://shasanadesh.up.nic.in